# University in News on 14 May 2021

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 1 & 5

# आयुष कवच एप के लिए बना कार्यक्रम

## लखनऊ विश्वविद्यालय की फैकल्टी के फेसबुक पेज पर ऑनलाइन हो रहा प्रसारण

**माई सिटी रिपोर्टर**



**लखनऊ।** कोविड संक्रमण से बचाव के लिए लोगों की इम्युनिटी बढ़ाने व उन्हें स्वस्थ रखने के लिए लखनऊ विश्वविद्यालय की फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन से योग के विभिन्न कार्यक्रम चल रहे हैं।

फैकल्ट कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि इसके साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से आयुष विभाग द्वारा निर्मित आयुष कवच एप के लिए भी फैकल्टी ने इम्युनिटी एवं स्वास्थ्य के विकास के लिए योग से संबंधित कार्यक्रम का निर्माण किया है। इसका प्रसारण प्रतिदिन आयुष कवच पर हो रहा है। फैकल्टी विशिष्ट व्याख्यानों एवं वेबिनार के माध्यम से भी विश्वविद्यालय के शिक्षकों, कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं व जन समुदाय के लिए कोरोना संक्रमण से बचाव व जागरूकता से संबंधित कार्यक्रम आयोजित कर रही है।

उन्होंने बताया कि योग विशेषज्ञों की टीम प्रतिदिन प्रातः 08 से 09 बजे के बीच फैकल्टी के फेसबुक पेज से माध्यम से ऑनलाइन प्रशिक्षण दे रही है। अब तक योग प्रशिक्षक प्रशांत शर्मा, डॉ बृजेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ रामकिशोर, दीपा श्रीवास्तव, बॉबी लाइव कार्यक्रम के अंतर्गत-ऑक्सीजन लेवल संतुलित करने वाले योगाभ्यास, कोरोना संक्रमण काल मे बचाव हेतु योगाभ्यास, प्राणायाम के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव, प्राणायाम एवं शंखवादन से फेफड़ों की शक्ति का विकास, कोरोना संक्रमण काल में घर पर योग आदि विषय पर कार्यक्रम कर चुके हैं। कोई भी व्यक्ति फैकल्टी के फेसबुक लिंक facultyofyamlu पर जाकर जुड़ सकता है। लाइव कार्यक्रम में न शामिल हो पाएं तो फैकल्टी के यूट्यूब चैनल Faculty of Yoga and alternative Medicine पर जाकर इसे फिर से देख सकते हैं।

### लविवि और सहयुक्त कॉलेज 20 तक बंद

**लखनऊ।** संक्रमण को देखते हुए शासन के निर्देश के क्रम में लखनऊ विश्वविद्यालय प्रशासन ने विवि और सहयुक्त कॉलेजों को 20 मई तक बंद रखने का निर्णय लिया है। इस दौरान ऑनलाइन क्लास भी स्थगित रहेंगी। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार सिंह की ओर से जारी निर्देश में कहा गया है कि इस तिथि तक विवि व कॉलेज के सभी कार्यालय पूरी तरह बंद रहेंगे। शिक्षक-कर्मचारी किसी की उपस्थिति नहीं होगी। बता दें कि विवि ने 15 मई तक गर्मी की छुट्टी घोषित कर रखी है। अब छुट्टी 20 मई तक हो गई है। (माई सिटी रिपोर्टर)

## NBT PAGE 4

# विद्यार्थियों की काउंसलिंग कर दूर किया जा रहा तनाव

**एनबीटी, लखनऊ:** 'मैं मजबूत, स्वस्थ, शांतिपूर्ण और निडर व्यक्ति हूं', 'मैं उचित आहार, व्यायाम और सावधानियों के साथ स्वस्थ रहूंगा', 'मुझे भगवान में विश्वास है और बड़ों का आशीर्वाद है जो कठिन परिस्थितियों में मेरी रक्षा करेगा'। इन दिनों एलयू विद्यार्थी कुछ ऐसे ही वाक्यों को रोजाना दोहराकर तनाव दूर कर रहे हैं।

लखनऊ विश्वविद्यालय के मनोवैज्ञानिक विभाग की प्रफेसर मधुरिमा प्रधान ने बताया कि काउंसलिंग एवं गाइडेंस सेल के समन्वयकों, मनोविज्ञान विभाग के शिक्षकों और हैप्पी थिंकिंग लैबोरेटरी के अतिथि वक्ताओं ने विद्यार्थियों को उनके व्यक्तिगत मुद्दों के बारे में परामर्श देने की पहल की है। लखनऊ विवि के अतिरिक्त अन्य महाविद्यालयों के छात्र-छात्राएं समेत अन्य लोग भी परामर्श के लिए काउंसलर को फोन करके बात कर सकते हैं। काउंसलिंग करते समय गोपनीयता बनाए रखी जाएगी और नैतिक दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा। यह सेवा सप्ताह में छह दिन उपलब्ध है।

**हफ्ते में छह दिन एलयू के काउंसलर दे रहे परामर्श**

## RASHTRIYA SAHARA PAGE 5

# कृषि की पढ़ाई के लिए लविवि ने बढ़ाए कॉलेज

लखनऊ (एसएनबी)। लखनऊ विश्वविद्यालय ने कृषि विषय की पढ़ाई के लिए प्रदेश के चार जिलों में स्थित महाविद्यालयों को बढ़ा दिया है जिससे अब लखनऊ विश्वविद्यालय से संबंध 13 महाविद्यालय कृषि की शिक्षा देने वाले हो गए है। ज्ञात हो लखनऊ विश्वविद्यालय गत 2009 से कृषि विषय का संचालन महाविद्यालय में कर रहा है। अब विश्वविद्यालय ने इसका दायरा रायबरेली, हरदोई, सीतापुर एवं लखीमपुर में भी बढ़ा दिया है। वर्तमान में लखनऊ विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय के अंतर्गत कृषि संकाय भी संचालित है। राजधानी में बख्शी का तालाब स्थित चंद्रभान गुप्त कृषि स्नातक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में परास्नातक की डिग्री दी जाती है। विश्वविद्यालय द्वारा दायरा बढ़ाने से शामिल हुए उक्त चारों जिलों में स्थित कई महाविद्यालयों में कृषि पीजी के कोर्स संचालित है।

## AMRIT VICHAR PAGE 3

# योगासनों से बढ़ा सकते हैं इम्युनिटी

**लखनऊ।** लविवि के फ़ैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन के तत्वावधान में कोरोना संकट के प्रबंधन के लिए योग के विभिन्न कार्यक्रम किये जा रहे हैं। संक्रमण से बचाव के लिए शरीर की इम्युनिटी का मजबूत होना आवश्यक होता हैं। फ़ैकल्टी के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमरजीत यादव ने बताया कि 09 मई से इम्युनिटी बढ़ाने वाले योग से सम्बंधित कार्यक्रमों का ऑनलाइन प्रशिक्षण योग विशेषज्ञों की टीम के द्वारा प्रतिदिन सुबह आठ से नौ बजे के मध्य ऑनलाइन प्रशिक्षण फ़ैकल्टी के फ़ेसबुक पेज से माध्यम से दिया जा रहा है। अब तक योग प्रशिक्षक प्रशांत शर्मा, डॉ बृजेन्द्र प्रताप सिंह, डॉ राम किशोर, दीपा श्रीवास्तव, बॉबी के द्वारा लाइव कार्यक्रम के तहत आक्सीजन लेवल संतुलित करने वाले योगभ्यास, प्राणायाम के माध्यम से कोरोना संक्रमण से बचाव का विकास, कोरोना संक्रमण काल मे घर पर योग, इन विषयों पर कार्यक्रम सम्पन्न हो चुके हैं।